GLEN EIRA
CITY COUNCIL

# हम प्रयासरत हैं

## आपकी रीसाइक्लिंग और वेस्ट (अपशिष्ट) मार्गदर्शिका



# ग्लेन आइरा में अपशिष्ट (वेस्ट) में परिवर्तन हो रहा है।

## सोमवार 26 जुलाई से, हरे रंग के बिनों का कचरा हर सप्ताह ले जाया जाएगा और लाल रंग के बिनों को हर दूसरे सप्ताह खाली किया जाएगा।



परिवर्तनों के बारे में अधिक जानकारी पाने के लिए www.gleneira.vic.gov.au/onit पर जाएं।

यदि इन परिवर्तनों को लेकर आपकी कोई आशंकाएँ हों तो आप recyclingandwaste@gleneira.vic.gov.au पर ईमेल भेज सकते हैं या 9524 3333 पर फोन कर सकते हैं।

और यदि आप कचरों की छँटाई और कम करने के लिए सुझाव चाहते हों तो इंस्टाग्राम पर @cityofgleneira पर हमें फॉलो करें – हम हर सप्ताह कचरों के बारे में एक नई बात सामने रखते हैं।

हमारा एक फेसबुक पेज़ भी है — @sustainablelivingGlenEira

# अपशिष्ट (वेस्ट) में परिवर्तन क्यों हो रहा है?

वर्तमान समय में, हमारे लाल बिनों में डाले गए कचरे का 40 प्रतिशत खाद्य वस्तुएं या अन्य जैविक पदार्थ होते हैं।


लैंडफिल स्थल पर ये खाद्य वस्तुएं और जैविक अपशिष्ट मीथेन एवं अन्य ग्रीनहाउस गैसें पैदा करते हैं — जो जलवायु-परिवर्तन में योगदान देती हैं। यदि ग्लेन आइरा के सब लोग बचे हुए खाद्य अपशिष्ट अपने हरे रंग के बिनों में डालेंगे तो हम हर साल 22,500 टन ग्रीनहाउस गैसों का पर्यावरण में उत्सर्जन होने से रोक सकेंगे।

खाद्य एवं जैविक अपशिष्ट लैंडफिल की लागत भी बढ़ाते हैं क्योंकि लैंडफिल के लिए जगह कम पड़ जाती है।

हरे रंग के बिन में डालने से खाद्य एवं जैविक अपशिष्ट अच्छे उपयोग में लाए जा सकते हैं।

उनकी खाद बनाकर उन्हें उद्यानों, फार्मों और पार्कों को उपजाऊ बनाने के लिए प्रयोग में लाया जाता है।

तो, आइए हमारे साथ मिलकर एक ज्यादा हरे-भरे ग्लेन आइरा का निर्माण कीजिए।



**हमारे लाल बिनों में डाले गए कचरे का 40% खाद्य और जैविक अपशिष्ट होते हैं**

## आपका अपशिष्ट टूलकिट

इस टूलकिट में आपके लिए सभी आवश्यक जानकारियां हैं – अपने कचरे को अलग-अलग कैसे करें, ये परिवर्तन किन पर लागू होते हैं, तथा यदि आपको अधिक सहायता की जरूरत हो तो क्या करना चाहिए।

इस परिवर्तन में आपकी सहायता सुनिश्चित करने के लिए, हमने हरे, पीले और लाल बिनों के बारे में सुझावों का संकलन तैयार किया है।

# अपने हरे बिन का इस्तेमाल कैसे करें

**यह बिन हर सप्ताह खाली किया जाता है**

मई 2018 से, खाद्य अपशिष्टों को हरे बिन में डालकर, हमारा समुदाय खाद्य अपशिष्ट को लैंडफिल में जाने से रोकने के लिए कदम उठाता आ रहा है। हमारे निवासी इस कार्य में पहले से ही सहभागी हैं – और इस तरह वे हम सभी के लिए ज्यादा हरे-भरे ग्लेन आइरा का निर्माण करने में जुटे हैं।

यदि आपके पास पहले से हरा बिन नहीं है तो आप 9524 3333 पर फोन करके ऑर्डर दे सकते हैं, और हम एक बिन निःशुल्क भेज देंगे।

भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैस उत्पन्न करने वाले खाद्य एवं उद्यान अपशिष्टों से लैंडफिल स्थलों को भरने के बजाय, हम उन्हें खाद में बदलकर विक्टोरिया की मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखने में सहायता कर सकते हैं।

घास और पेड़-पौधों की कतरनों जैसे उद्यान अपशिष्ट अभी भी हरे बिनों में रखे जा सकते हैं। और आपके हरे बिन में ऐसे खाद्य पदार्थ जा सकते हैं जो आसानी से नष्ट नहीं होते, जैसे कि सिट्रस (नींबू आदि) का कचरा और प्याज के छिलके आदि।




## खाद्य अपशिष्ट को रीसाइकल करना आसान है – जानिए कैसे

आपके बचे-खुचे खाद्य पदार्थों को रीसाइकल करने में आसानी के लिए निःशुल्क कूढ़ा-पात्र (कैडीज़) उपलब्ध हैं। 9524 3333 पर हमारी ग्राहक सेवा टीम से सम्पर्क करके आप ग्लेन आइरा टाउन हॉल से अपने कूढ़ा-पात्र प्राप्त कर सकते हैं।

अपने बचे-खुचे खाद्य पदार्थ अपने रसोई के कूढ़ा-पात्र में डालें और फिर उसे अपने हरे बिन में खाली कर दें। बचे-खुचे खाद्य पदार्थों को जमा करने के लिए आप अन्य किसी पात्र का भी उपयोग कर सकते हैं — जैसे कि कोई खाली आइस्क्रीम टब।

# हरित अपशिष्टों की छँटाई कैसे करें

हर सप्ताह एकत्रित किया जाने वाला आपका हरा बिन आपके उद्यान एवं खाद्य अपशिष्टों को रखने का सर्वोत्तम स्थान है।

आपके हरे बिन में रखी किन-किन वस्तुओं को रीसाइकल किया जा सकता है और किन्हें नहीं, यह दर्शाने के लिए हमने एक सरल मार्गदर्शिका तैयार की है।

लेकिन याद रखें! प्लास्टिक, खाद बनने योग्य एवं बायोडिग्रेडेबल (प्राकृतिक तरीके से सड़नशील) बिन में लगने वाली थैलियों को अपने हरे बिन में कभी न डालें, क्योंकि ये चीजें लैंडफिल स्थल पर जाती हैं। अपने खाद्य अपशिष्टों को पेपर टॉवेल या अखबारों में लपेटकर रखें।

## ✓ ये चीजें रख सकते हैं

- ✓ फल और सब्जियों के बचे-खुचे टुकड़े
- ✓ घास-फूस और फूल
- ✓ अंडे के छिलके
- ✓ डेयरी (दुग्ध पदार्थ) अपशिष्ट
- ✓ कॉफी के दाने और चाय की खुली पत्ती
- ✓ ब्रेड, पास्ता, अनाज और चावल
- ✓ मांस के टुकड़े और हड्डियां
- ✓ प्रयोग में लाए जा चुके पेपर टॉवेल, अखबार और सफेद नैपकिन्स
- ✓ घास और पत्ते
- ✓ छोटी-छोटी शाखाएं और टहनियां
- ✓ बगीचे की कटी-छँटी चीजें
- ✓ टिश्यूज़ (बशर्ते कि आप सेल्फ-आइसोलेशन में न हों और किसी भी पुष्टिकृत COVID-19 मामले के संसर्ग में न रहे हों)
- ✓ सी-फूड जिनमें घोंघे (शेल्स) भी शामिल हैं

## ✗ ये चीजें नहीं रख सकते

- ✗ प्लास्टिक की थैलियां (बायोडिग्रेडेबल या खाद बनने योग्य थैलियों सहित)
- ✗ किसी भी तरह की पैकेजिंग (बायोडिग्रेडेबल या खाद बनने योग्य सहित)
- ✗ सिगरेट के टुकड़े
- ✗ नैप्पीज़ और बेबी वाइप्स
- ✗ टी बैग्स या कॉफी पॉड्स
- ✗ कॉफी कप्स (बायोडिग्रेडेबल या खाद बनने योग्य सहित)
- ✗ किट्टी लिटर (बायोडिग्रेडेबल सहित)
- ✗ बर्तन पोंछने के कपड़े (डिश क्लॉथ्स)
- ✗ कुत्ते या बिल्ली के मल
- ✗ राख और पेड़ों के ठूंठ
- ✗ वैक्यूम क्लिनर में एकत्रित धूल
- ✗ बाल (पालतू जीवों के बाल सहित)
- ✗ पेपर प्लेट्स
- ✗ प्लास्टिक कटलरी और प्लेट (बायोडिग्रेडेबल या खाद बनने योग्य सहित)
- ✗ प्रिंटेड या अत्यधिक डाइ किए हुए नैपकिन्स या सर्वियेट्स (अंगोछे) (जैसे ब्लैक नैपकिन्स)
- ✗ आइसी पोल के लकड़ी के स्टिक्स

## रसोई के कूढ़ा-पात्र के बारे में उपयोगी सुझाव

यदि आप अपने रसोई के कूढ़ा-पात्र में थैली लगाना चाहते हों तो कोई भी भोजन इत्यादि रखने से पहले उसमें अखबार या पेपर टॉवेल बिछा दें — वे आपके खाद्य पदार्थ के साथ सीधे हरे बिन में डाले जा सकते हैं।

या, आप पेपर लाइनर लगाए बिना ही अपने रसोई के कूढ़ा-पात्र का इस्तेमाल कर सकते हैं और खाली करने के बाद उसे तुरन्त धो सकते हैं – हमारे रसोई के कूढ़ा-पात्र डिशवॉशर सेफ भी हैं।

और यदि उसमें दुर्गंध की समस्या हो तो अपने रसोई के कूढ़ा-पात्र के अंदर थोड़ा-सा बाइकार्बोनेट सोडा छिड़क दें।

## अगर मुझे अपने बिन को साफ करना हो तो मैं क्या करूं?

यदि आपके हरे बिन को साफ करना हो तो हम उसमें सहायता कर सकते हैं। ग्लेन आइरा में हर कोई बिन बटलर्स से उचित मूल्य पर अपने बिनों को साफ करवा सकता है।

बिन बटलर्स से सम्पर्क के लिए 1300 788 123 पर फोन करें या सफाई-सेवा की बुकिंग के लिए thebinbutlers.com.au पर जाएं।

अपनी छूट पाने के लिए चेक-आउट पर कूपन कोड के रूप में अपना पोस्टकोड-40% (जैसे: 3204-40%) डालना याद रखें!

## बिन में लगने वाली थैलियों का क्या?

हरे बिनों में प्लास्टिक की थैलियाँ — खाद बनने योग्य अथवा बायोडिग्रेडेबल से भी आपके खाद्य अपशिष्ट का विखंडित होना मुश्किल हो जाता है। उनके विखंडन की दर भी अलग-अलग होती है जिसके कारण उन्हें प्रोसेस करना हमारे कंपोस्टिंग संयंत्र के लिए कठिन होता है।

हमारे संयंत्र खाद बनने योग्य अथवा बायोडिग्रेडेबल थैलियों को प्रोसेस नहीं कर सकते — इसलिए उनमें रखे हुए खाद्य अपशिष्ट को लैंडफिल में भेज दिया जाएगा।

बिन में प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग करने की बजाय हम खाद्य अपशिष्ट को पेपर टॉवेल या अखबार में लपेट सकते हैं। इस तरह, हमारे अपशिष्ट को आसानी से खाद में बदला जा सकता है।



## हरे बिन सम्बंधी सुझाव

- अपने हरे बिन को हर सप्ताह उठाये जाने के लिए बाहर रखें ताकि उसे खाली किया जा सके।
- यदि आपके पास उद्यान अपशिष्ट हों तो घास की कतरनों, सूखे पत्तों और पेड़ों के कटे-छँटे भागों को बचे-खुचे खाद्य पदार्थों के ऊपर बिछा दें ताकि वे बदबू और नमी सोख लें।
- यदि आपके पास उद्यान अपशिष्ट न हों तो बचे-खुचे खाद्य पदार्थों के ऊपर भूसे की परत बिछा दें।
- अपने हरे बिन का ढक्कन पूरी तरह बंद करके उसे किसी छायादार स्थान में रखने का प्रयास करें।
- अपने बिन को अतिरिक्त रूप से दुर्गंध रहित बनाए रखने के लिए उसमें बाइकार्बोनेट सोडा छिड़क दें या 'ओडर-पॉड' बनाने की कोशिश करें।



# अपने पीले बिन का प्रयोग कैसे करें

यह बिन हर दूसरे सप्ताह खाली किया जाता है

हमारे पीले बिन अभी भी हर दूसरे सप्ताह खाली किए जाते हैं।

## रीसाइक्लिंग के लिए क्या करना चाहिए?

पीले बिनों में सही किस्म की चीजें डालकर हम अपनी रीसाइकल-योग्य वस्तुओं से सड़कें, रीसाइक्लड पेपर और प्लास्टिक की नई वस्तुएं बना सकते हैं।

रीसाइक्लिंग से हमारे प्राकृतिक संसाधनों को ज्यादा वहनीय रूप से उपयोग में सहायता मिलती है — इससे प्रदूषण कम होता है, और नए उत्पादों के सृजन के लिए हमें कम कच्ची सामग्रियों का इस्तेमाल करने की जरूरत होती है।

सुनिश्चित करें कि आप सभी पात्रों में से भोजन के बचे-खुचे अवशेषों को उठाते हैं और रीसाइकल करने योग्य वस्तुओं को प्लास्टिक की थैलियों से अलग रखते हैं।

## किस तरह के प्लास्टिक्स को रीसाइकल किया जा सकता है?

आपके पीले बिन के माध्यम से प्लास्टिक की कई तरह की वस्तुओं को रीसाइकल किया जा सकता है, जिनमें टेक-अवे कंटेनर्स और बिना ढक्कन की बोतलें भी शामिल हैं। लेकिन, इस तरह से सभी प्लास्टिकों को रीसाइकल नहीं किया जा सकता।

जो वस्तुएं इस बिन के योग्य नहीं हैं वे पूरे ट्रक पर लदी वस्तुओं को प्रदूषित कर सकती हैं। वर्तमान समय में हमारे कर्बसाइड रीसाइक्लिंग की प्रदूषण-दर 15 प्रतिशत है।

प्लास्टिक की थैलियों, कपड़ों और खाद्य वस्तुओं के डिब्बों को पीले बिन में न डालकर हम बेहतरीन अपशिष्ट प्रबंधन कर सकते हैं।

हमारे वेस्ट सॉर्टिंग (कचरों की छँटाई) वाले पेज़ पर आपके लिए सभी आवश्यक विवरणों के साथ सरल मार्गदर्शिका दी गई है — ताकि हम सुनिश्चित कर सकें कि हमारे रीसाइकल-योग्य पदार्थों को नए उत्पादों में बदले जा सकने की बेहतरीन संभावना मौजूद हो।

## रीसाइकल-योग्य वस्तुओं को सिकोड़ने और चपटा करने का ध्यान रखें



हम जानते हैं कि कई बार हमारे पीले बिन खाली किए जाने वाले दिन से पहले ही पूरी तरह भर जाते हैं। आप प्लास्टिक की बोतलों को पिचका कर और कार्डबोर्ड डिब्बों को चपटा करके अतिरिक्त जगह बना सकते हैं।

आप लाल बिन की तुलना में बहुत ही कम कीमत पर अतिरिक्त पीले बिन का ऑर्डर भी दे सकते हैं।

यदि आपका घर निम्नांकित समूहों में शामिल है तो आप बिना किसी अतिरिक्त कीमत के अतिरिक्त पीले बिन प्राप्त करने के हकदार हैं:

- ऐसे परिवार जिनमें नैप्पी वाले बच्चे रहते हों;
- छः या इससे अधिक सदस्य-संख्या वाले परिवार;
- चार या इससे अधिक सदस्य-संख्या वाले परिवार, जहां एक या एक से अधिक सदस्य रियायती कार्डधारक हों; तथा
- वे परिवार जिनमें चिकित्सकीय कारणों से अतिरिक्त अपशिष्ट होता है।



आप हमारी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। और अधिक जानकारी के लिए www.gleneira.vic.gov.au/onit पर जाएं।

इस काम में काउंसिल आपके साथ प्रयासरत है।

# रीसाइक्लिंग के लिए छँटाई कैसे करें

आपका पीला बिन आपकी रीसाइकल-योग्य वस्तुओं के लिए है, जैसे: कांच, धातु, कागज तथा कुछ प्रकार के प्लास्टिक।

सुनिश्चित करें कि प्लास्टिक के डिब्बों से खाने पीने का सामन बाहर निकाल लिया गया है, और पीले बिन में रखने से पहले काँच की शीशियों या प्लास्टिक की बोतलों के ढक्कन हटा लें। प्लास्टिक के ढक्कन लाल बिन में डाले जाते हैं।

## ✓ क्या डालें

- ✓ ऑफिस के पेपर और कार्डबोर्ड (कागज की कतरनें नहीं)
- ✓ अखबार एवं पत्र-पत्रिकाएं
- ✓ साफ पिज्जा बॉक्स
- ✓ ताजे दूध या जूस के गत्ते के डिब्बे (टेट्रा पैक नहीं)
- ✓ प्लास्टिक के खाली टेक-अवे कंटेनर्स
- ✓ प्लास्टिक की बोतलें (केवल बोतलें, ढक्कन लाल बिन में रखे जाएंगे)
- ✓ डिटर्जेंट की बोतलें (केवल बोतलें, ढक्कन लाल बिन में रखे जाएंगे)
- ✓ प्लास्टिक के खाली टब (जैसे दही के डब्बे, आइस्क्रीम के डिब्बे, इत्यादि)
- ✓ प्लास्टिक की मीट ट्रेज़
- ✓ प्लास्टिक के गमले (10 सेमी से कम गोलाई वाले)
- ✓ प्लास्टिक फ्रूट प्युनेट्स और बिस्किट ट्रेज़
- ✓ अल्युमिनियम ट्रेज़ और फॉयल (साफ एवं सिकोड़े हुए)
- ✓ अल्युमिनियम एवं स्टील के कैन
- ✓ कांच के जार एवं बोतलें (कांच को धातु के ढक्कनों से अलग कर दें और दोनों को पीले बिन में डाल दें)
- ✓ लिफाफे (जिनमें प्लास्टिक की विंडो होती है उनके सहित)

## ✗ क्या न डालें

- ✗ एयरोसोल के डब्बे
- ✗ प्लास्टिक की थैलियाँ
- ✗ सॉफ्ट प्लास्टिक्स (ऐसी कोई भी वस्तु जो प्लास्टिक की है और जिसे एक गेंद के रूप में सिकोड़ा जा सकता हो, जैसे: ब्रेड की थैलियाँ, क्लिंग फिल्म, पास्ता की थैलियाँ)
- ✗ पॉलिस्टिरीन
- ✗ चिनी-मिट्टी से बने सामान
- ✗ बैटरियां
- ✗ प्लास्टिक की कटलरी
- ✗ उद्यान अपशिष्ट
- ✗ खाद्य अपशिष्ट
- ✗ परिधान या कपड़ा
- ✗ रसायन
- ✗ हानिकारक अपशिष्ट
- ✗ बिजली के बल्ब
- ✗ इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुएँ
- ✗ गैस सिलिंडर्स या कनस्तर
- ✗ कागज की कतरनें या अखबार
- ✗ टेट्रापैक (लंबी अवधि तक खराब न होने वाले दूध) के कार्टन


City of
GLEN
EIRA
Glen Eira City Council


City of
GLEN
EIRA
Glen Eira City Council

## सॉफ्ट प्लास्टिक्स का क्या करना चाहिए?

अपने सॉफ्ट प्लास्टिक्स (ऐसे प्लास्टिक जिन्हें एक बॉल के रूप में सिकोड़ा जा सकता हो) को पीले बिन से बाहर रखें और उन्हें किसी नज़दीकी लालसाइकल कलेक्शन बिन में डाल दें, जो ज्यादातर सुपरमार्केट्स में रखे होते हैं।




## मिश्रित पैकेज़िंग और सॉफ्ट प्लास्टिक

आपके पीले बिन के माध्यम से सभी प्रकार के प्लास्टिक को रीसाइकल नहीं किया जा सकता है, क्योंकि हमारे स्थानीय रीसाइक्लिंग संयंत्र कुछ प्रकार के प्लास्टिक ही स्वीकार करते हैं।

त्रिकोणीय प्लास्टिक चिन्ह लगे होने पर भी कई प्रकार के प्लास्टिक रीसाइकल नहीं किए जा सकते। त्रिकोणीय चिन्ह प्लास्टिक के प्रकार को संकेतित करते हैं, जरूरी नहीं कि उनका मतलब यह हो कि उस वस्तु को रीसाइकल किया जा सकता है।

साथ ही, पैकेज्ड उत्पादों पर ऑस्ट्रेलेशियन रीसाइक्लिंग लेबल पर ध्यान दें, जिनसे मिश्रित पैकेजिंग में मदद मिल सकती है। मिश्रित पैकेजिंग को कैसे रीसाइकल किया जाए इस बारे में और अधिक जानकारी लिए www.gleneira.vic.gov.au/onit पर जाएं।

# अपने लाल बिन का इस्तेमाल कैसे करें

यह बिन हर दूसरे सप्ताह खाली किया जाता है

लाल बिन अब हर सप्ताह के बजाय हर दूसरे सप्ताह खाली किए जाएंगे।

## बचे-खुचे खाद्य पदार्थों को अपने साप्ताहिक हरे बिन में डालना याद रखें।

वर्तमान में, हमारे लाल बिनों में 40 प्रतिशत खाद्य और जैविक अपशिष्ट होते हैं, इसलिए यदि आप अपने लाल बिन में स्थान बचाना चाहते हैं तो बचे-खुचे खाद्य पदार्थों को इस के बजाय हरे बिन में डालें।

अपशिष्ट की रोकथाम और उनमें कमी लाने के विषय में हमारी मार्गदर्शिका के पृष्ठ (18) पर अन्य सुझाव दिए गए हैं कि हम ज्यादा से ज्यादा वस्तुओं को लाल बिन और लैंडफिल स्थल से कैसे दूर रख सकते हैं।

इस परिवर्तन के साथ, हम लैंडफिल में भेजे जाने वाले कचरे में कमी ला रहे हैं — हमारे द्वारा किए जा रहे उत्सर्जन में कमी करना, और अपशिष्ट लागत को नियंत्रण में रखना।

## नैप्पीज़ और पालतू जीवों के अपशिष्ट का क्या करना चाहिए?

हम जानते हैं कि चिकित्सकीय जरूरतों और नैप्पीज़ के अपशिष्ट के कारण कुछ लोगों को लाल बिन में अतिरिक्त जगह की जरूरत होती है।

एक बार काम में ली जा सकने वाली नैप्पीज़ को रीसाइकल या कंपोस्ट नहीं किया जा सकता — इसलिए उन्हें लाल बिन में डालना होगा।

चार दिनों में नैप्पीज़ से बहुत बदबू आने लगती है, और नैप्पीज़ की संख्या कम हो या ज्यादा इससे बिन की बदबू में कोई फर्क नहीं पड़ता, इसलिए लाल बिन को कम बार खाली करने का मतलब अधिक बदबू नहीं होगा।

यदि बदबू की समस्या है, तो अच्छी तरह बंद किए जा सकने वाली छोटी-छोटी थैलियों का इस्तेमाल करना अच्छा रहेगा।

नैप्पीज़ की ही तरह, छोटी-छोटी, अच्छी तरह से बंद की जा सकने वाली थैलियों का इस्तेमाल करने से आपके लाल बिन में पालतू पशुओं के अपशिष्ट से भी कम बदबू आएगी। जो निवासी कंपोस्टिंग में रुचि रखते हैं उनके लिए हार्डवेयर एवं गार्डेन स्टोर्स से पेट पू वर्म फार्म भी उपलब्ध हैं। आप अपने लाल बिन को सूरज की प्रत्यक्ष रोशनी से दूर रखके, ढक्कन को अच्छी तरह बंद करके, और नियमित रूप से यह जांच करके भी कि बिन में कहीं कोई दरार तो नहीं है, बदबू में कमी ला सकते हैं।

## आप ज्यादा बड़े लाल बिन के हकदार हो सकते हैं

यदि आपका घर निम्नांकित समूहों में शामिल है तो आप बिना किसी अतिरिक्त लागत के एक बड़े या अतिरिक्त लाल बिन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं (किरायेदार भी आवेदन कर सकते हैं):

- ऐसे परिवार जिनमें नैप्पी वाले बच्चे रहते हों;
- छः या इससे अधिक सदस्य-संख्या वाले परिवार;
- चार या इससे अधिक सदस्य-संख्या वाले परिवार, जहां एक या एक से अधिक सदस्य रियायती कार्डधारक हों; तथा
- वे परिवार जिनमें चिकित्सकीय कारणों से अतिरिक्त अपशिष्ट होता है।



आप हमारी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। और अधिक जानकारी के लिए www.gleneira.vic.gov.au/onit पर जाएं।

हम प्रयासरत हैं, आपके साथ।

# लाल अपशिष्ट की छँटाई कैसे करें

हरे अपशिष्ट और रीसाइक्लिंग के साथ-साथ अन्य वस्तुएं भी हैं जो लाल बिन में नहीं जा सकतीं, जैसे: खतरनाक और इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट।

अपना अपशिष्ट कहाँ डालना बेहतर होगा उस बारे में सहायता के लिए, हमारी ऑनलाइन *A-Z Rubbish and Recycling Guide* का उपयोग करें।

| ✓ क्या डालें | ✗ क्या न डालें |
|---|---|
| ✓ घरेलू कचरे (रीसाइकल न होने योग्य) | ✗ रीसाइकल-योग्य वस्तुएं |
| ✓ चीनी मिट्टी से बनी वस्तुएं, क्रॉकरी और कांच के बने पदार्थ | ✗ उद्यान अपशिष्ट |
| ✓ प्लास्टिक की थैलियां | ✗ खतरनाक सामग्रियां या तरल पदार्थ |
| ✓ प्लास्टिक रैप और क्लिंग रैप | ✗ मिट्टी या राख |
| ✓ पॉलिस्टिरीन | ✗ भवन-निर्माण सामग्रियां |
| ✓ नैप्पीज़ (रैप किए हुए) | ✗ चिकित्सकीय अपशिष्ट जैसे सुईयाँ इत्यादि |
| ✓ इस्तेमाल किए जा चुके पेपर टॉवेल और टिश्यूज़ (यदि आप सेल्फ-आइसोलेशन में हों, अस्वस्थ हों या पुष्ट COVID-19 मामले वाले किसी व्यक्ति के संसर्ग में रहे हों) | ✗ इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट (बैटरियां और बिजली के उपकरण) |

## ई-वेस्ट का क्या करना चाहिए?

बैटरियों सहित, इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट (ई-कचरा) को कभी भी घरेलू कूड़ेदानों में नहीं रखा जाना चाहिए।

आप ग्लेन आइरा के पुस्तकालयों में स्थित हमारे ई-अपशिष्ट रीसाइक्लिंग स्टेशनों पर छोटी-मोटी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को नि:शुल्क छोड़ सकते हैं।

हमारे ई-अपशिष्ट रीसाइक्लिंग स्टेशनों पर बैटरियाँ, फोन, कॉर्ड, एक्स-रे, बिजली के बल्ब और सीडी/डीवीडी/वीडियो टेप इत्यादि स्वीकार किए जाते हैं। बड़े आकार के इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्टों, जैसे डीवीडी प्लेयर और टेलिविज़न से अपशिष्ट स्थानांतरण स्टेशन पर या हमारी बुक की गई संग्रह सेवा के माध्यम से छुटकारा पाया जा सकता है।



# अपने अपशिष्टों को कम कैसे करें

अपने अपशिष्टों को कम करके हम ग्लेन आइरा के लिए एक ज्यादा हरे-भरे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया में हर साल 20.5 मिलियन टन अपशिष्ट लैंडफिल के लिए भेजा जाता है। लेकिन अगर हम थोड़ा कम इस्तेमाल करें तो इसका लाभ सबको मिलेगा। हम लैंडफिल के लिए जितना कचरा भेजते हैं उसमें कमी लाना एक ज्यादा हरे-भरे ग्लेन आइरा के निर्माण का एक सबसे आसान तरीका है।

हम कुछ छोटे-मोटे उपायों से बहुत बड़ा फ़र्क ला सकते हैं। हम प्रयासरत हैं, आपके साथ।

**हम प्रयासरत हैं**

# हम अपने अपशिष्ट में कमी कैसे ला सकते हैं?

## सबसे पहले तो हम अपशिष्ट की रोकथाम करें

ग्लेन आइरा के 91 प्रतिशत निवासियों का विचार है कि उनके द्वारा उत्पन्न किए जाने वाले कचरे की मात्रा को कम करना महत्वपूर्ण है।

कचरे को कम करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि उसे उत्पन्न करने में ही कमी लाई जाए। हमारा अधिकांश कचरा हमारे द्वारा खरीदी गई वस्तुओं से आता है।

कुछ भी खरीदने से पहले उससे उत्पन्न होने वाले कचरे के बारे में सोचें। क्या नई वस्तु खरीदने से बेहतर उसे उधार लिया जा सकता है या सेकेंड-हैंड खरीदा जा सकता है?

और यथा संभव उन वस्तुओं और सामग्रियों का चयन करें जो पुन: उपयोग में लाई जा सकें और जो टिकाऊ हों।

**91%**
**निवासियों का विचार है कि कचरे की मात्रा को कम करना महत्वपूर्ण है।**

## यथा संभव, पैकेजिंग वाले सामान खरीदने से बचें

न्यूनतम पैकेजिंग के साथ सामान खरीदना,
और खरीदारी के समय अपना थैला लाना,
हमारे अपशिष्ट को कम करने में सहायक होता है।

ताजे उत्पादों के लिए पुन: उपयोग में लाए जा सकने वाले थैलों का उपयोग करके, या बचे हुए खाद्य पदार्थों के लिए बी'ज-वैक्स रैप (सामान लपेटने की वस्तु जिसमें कपड़े की परत भी होती है) को प्रयोग में लाकर हम अपनी खाद्य-सामग्री के लिए पैकेजिंग करने से बच सकते हैं।

और कपड़ों या अन्य वस्तुओं की खरीदारी करते समय पुन: उपयोग में लाए जा सकने वाले थैले ले जाकर हम इन वस्तुओं की पैकेजिंग से भी बच सकते हैं।



## आपके पास जो है उसे सहेजें

अपने सामान को संजोकर रखने से आप उनका उपयोग और ज्यादा कर सकते हैं तथा उनका अधिकतम मोल पा सकते हैं।

यदि कोई चीज टूट गई है, उसमें सुराख है या उसके मूल उद्देश्य के लिए अब इसकी आवश्यकता नहीं है, तो क्या इसे पुराने स्वरूप में लाया जा सकता है, उसकी मरम्मत की जा सकती है या किसी और काम के लिए उपयोग में लाया जा सकता है? अपनी वस्तुओं को उपयोगी होने का एक दूसरा मौका दें।

## पुन:-प्रयोज्य (रीयूज़ेबल) वस्तुओं को याद रखें

हमारी छोटी-छोटी पसन्दों का बड़ा प्रभाव पड़ता है — पुन: उपयोग में लाई जा सकने वाली पेय-पदार्थों की बोतलों, शॉपिंग बैग, खाद्य-पदार्थों के डब्बे, कॉफी कप और कटलरी जैसी चीजों को याद रखके हम एकल उपयोग वाली वस्तुओं से बच सकते हैं।


## उधार लीजिए, अदला-बदली कीजिए, इसे मज़ेदार बनाइए!

हमारी बेकार चीजें तब भी उपयोगी होती हैं जब हम उन्हें काम में नहीं लेते।

उन वस्तुओं को दान करने, उधार देने या बेचने के बारे में सोचें जो अभी भी चालू हालत में हैं और जब आप कर सकते हैं तो सेकेंड-हैंड वस्तुएं खरीदें या मित्रों से उधार लें। टूटी-फूटी वस्तुओं की भी मरम्मत की जा सकती है और उन्हें नया जीवन दिया जा सकता है।

हम जिस किसी चीज को लाल बिन से बाहर रख सकते हैं, उन्हें हम लैंडफिल से बाहर रखते हैं और इस प्रकार उत्सर्जन को कम और अपने समुदाय की मदद करते हैं।





अपने अपशिष्टों को कम करने के बारे में आपके मन में कोई आशंकाएँ या प्रश्न हैं? हम प्रयासरत हैं।

अपशिष्टों को कम करने के बारे में और अधिक सुझावों के लिए, recyclingandwaste@gleneira.vic.gov.au पर हमसे संपर्क करें या 9524 3333 पर फोन करें।

और अधिक जानकारी के लिए आप http://www.gleneira.vic.gov.au/onit पर भी जा सकते हैं।

# किराएदारों के लिए

खाद्य अपशिष्टों को लैंडफिल से बचाकर हम सब एक फ़र्क ला सकते हैं — और इसमें वे निवासी भी शामिल हैं जो ग्लेन आइरा में किराए पर रह रहे हैं।

## अगर मैं किराए पर रह रहा हूँ तो मैं क्या करूँ?

अगर आपके किराए के मकान में हरा बिन नहीं है, तो आप हमसे recyclingandwaste@gleneira.vic.gov.au या 9524 3333 पर संपर्क करके ऑर्डर कर सकते हैं।



# साझा किए जाने वाले बिनों के लिए

यदि आप साझा बिनों वाले आवास में रहते हैं, तो कृपया अपने भूस्वामियों (ओनर्स) के कॉर्पोरेशन से हमसे संपर्क करने को कहें।

हम उनके साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके भवन में उचित अपशिष्ट सेवाएं और बिन उपलब्ध हों।

आपको साझा बिनों वाले आवास में रहने वाले लोगों की सहायता के लिए विशिष्ट संसाधन भी प्राप्त होंगे।

# बुक किए गए संग्रह

## उन कठोर अपशिष्ट पदार्थों का क्या करना चाहिए जो बिन में नहीं डाले जा सकते?

आपको अपशिष्ट निवारण में सर्वोत्तम बनाए रखने के लिए, हमारी कठोर अपशिष्ट, एक साथ बहुत सारे कार्डबोर्ड और बाँध कर रखी गई शाखाओं को ले जाए जाने की सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

हमारे निवासी हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक सेवा के लिए तीन (3) बार निःशुल्क संग्रह बुकिंग कर सकते हैं। बुकिंग करने या अधिक जानकारी के लिए www.gleneira.vic.gov.au/booked-collection पर जाएं।

## क्या आपकी वस्तुओं का पुन: उपयोग, मरम्मत या दान किया जा सकता है?

यदि आपकी वस्तुएं सही और चालू हालत में हैं तो आप रिपेयर कैफ़ेज, चैरिटी स्टोर्स और ऑनलाइन माध्यम से उनकी मरम्मत, बिक्री या दान कर सकते हैं।

अपने कचरों का उचित निपटान करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यदि आप अपने नियमित घरेलू बिनों के माध्यम से किसी चीज से छुटकारा नहीं पा सकते, तो यह जानने के लिए कि उनसे छुटकारा पाने का सही तरीका क्या है, हमारी *A–Z Rubbish and Recycling Guide* देखें।



यह गाइड (मार्गदर्शिका) आप यहां पा सकते हैं:
www.gleneira.vic.gov.au/recycling-az

## कठोर कचरे

हमारी कठोर कचरा संग्रहण सेवा की निःशुल्क बुकिंग की जा सकती है।

यह आपके नियमित बिन संग्रह दिवस पर आता है — इसलिए यदि आपने कठोर कचरा की बुकिंग की है तो उसे अपने घरेलू बिन के समय के साथ ही रखें।

आपको संग्रह के लिए अधिकतम चार घनमीटर (1m x 4m x 1m) की अनुमति है।

हम घरेलू फर्नीचर, उपकरण, गद्दे इत्यादि एकत्र कर सकते हैं। स्वीकृत वस्तुओं और काउंसिल के संग्रह सम्बंधी दिशा-निर्देशों की पूरी सूची के लिए www.gleneira.vic.gov.au/booked-collection पर जाएं।

## भारी मात्रा में कार्डबोर्ड

यदि आपके पास बहुत सारे कार्डबोर्ड हैं, तो उन्हें ले जाए जाने के लिए हमारी बुक करवाकर संग्रहण प्रणाली के माध्यम से एकत्र किया जा सकता है — इससे आपको अपने पीले बिन में कुछ और जगह मिल जाएगी।

संग्रहण के लिए तैयार करने के लिए, कार्डबोर्ड को चपटा करें और एक डोरी से एक बंडल में बांध दें।

कार्डबोर्ड को बाँधने के लिए प्लास्टिक, तार या फैब्रिक का इस्तेमाल न करें, क्योंकि उन्हें रीसाइकल नहीं किया जाएगा।

हम प्रति संग्रह तीन घनमीटर तक एकत्र करते हैं।

## बंडल में बंधी शाखाएं

आपके हरे बिन में किन्हीं भी पत्तियों और छोटी टहनियों को रखा जा सकता है, लेकिन बड़ी शाखाओं को हमारी बुक करवाकर संग्रहण सेवा के माध्यम से ही एकत्र करने की आवश्यकता है।

आपकी शाखाओं को एकत्र करने के लिए हमारी काउंसिल संग्रह सेवा बुधवार को आएगी — बस आप यह ध्यान रखें कि उन्हें मजबूती से किसी डोरी से एक बंडल में बांध दिया गया है।

शाखाओं को बंडल में बांधने के लिए प्लास्टिक, तार या फैब्रिक का इस्तेमाल न करें, क्योंकि इन्हें शाखाओं के साथ कंपोस्ट में विखंडित नहीं किया जा सकता है।

हम प्रति संग्रह कुल 20 बंडल और प्रति संग्रह अधिकतम तीन घन मीटर की अनुमति देते हैं।

और अधिक जानकारी www.gleneira.vic.gov.au/booked-collection पर उपलब्ध है।



City of
GLEN
EIRA

GLEN EIRA
CITY COUNCIL

बेन्टली
बेन्टली ईस्ट
ब्राइटन ईस्ट
कार्निगी
कॉफील्ड
एल्सटर्नविक
गार्डेनवेल
ग्लेन हंटली
मैक्किनन
मरंबीना
ओरमंड
सेंट किल्डा ईस्ट




ग्लेन आइरा सिटी काउंसिल

पोस्ट बॉक्स 42,
कॉफील्ड साउथ 3162
(03) 9524 3333

recyclingandwaste@gleneira.vic.gov.au
gleneira.vic.gov.au/onit

अपशिष्ट सम्बंधी जानकारी अपनी भाषा में
प्राप्त करने के लिए हमसे संपर्क करें

100% रीसाइकल्ड पेपर पर मुद्रित